भारत सरकार

विद्युत मंत्रालय

....

लोक सभा

तारांकित प्रश्न संख्या- 172

दिनांक 11 दिसंबर, 2025 को उत्तरार्थ

नेशनल हाइड्रोइलेक्ट्रिक पावर कॉर्पोरेशन (एनएचपीसी) लिमिटेड के अंतर्गत कार्यशील जल विद्युत परियोजनाएं

†*172. श्री मियां अल्ताफ अहमदः

क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) नेशनल हाइड्रोइलेक्ट्रिक पावर कॉर्पोरेशन (एनएचपीसी) लिमिटेड के अंतर्गत वर्तमान में कुल कितनी जल विद्युत परियोजनाएं चल रही हैं और इन परियोजनाओं से संयुक्त रूप से कितनी मात्रा में विद्युत का उत्पादन किया जा रहा है;

(ख) एनएचपीसी द्वारा वर्तमान में कितनी और कौन-कौन सी जल विद्युत परियोजनाएं निर्माणाधीन हैं और उनकी प्रस्तावित उत्पादन क्षमता कितनी है और इनके कार्यशील होने की संभावित तिथियां क्या हैं,

(ग) इन निर्माणाधीन परियोजनाओं की कुल अनुमानित लागत कितनी है और इसके पूरा होने पर कितनी मात्रा में विद्युत का उत्पादन होने का अनुमान है; और

(घ) क्या इन परियोजनाओं से प्रभावित स्थानीय निवासियों को रोजगार के पर्याप्त अवसर उपलब्ध नहीं कराए जा रहे हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और सरकार द्वारा उनकी शिकायतों को दूर करने के लिए क्या उपाय किए गए हैं?

उत्तर

विद्युत मंत्री
(श्री मनोहर लाल)

(क) से (घ) : एक विवरण सभा पटल पर रखा गया है।

<u>**विवरण**</u>

'एनएचपीसी के अंतर्गत कार्यशील जल विद्युत परियोजनाएं' के संबंध में दिनांक 11.12.2025 को उत्तरार्थ लोकसभा तारांकित प्रश्न संख्या 172 के संबंध में भाग (क) से (घ) के उत्तर में संदर्भित विवरण।

(क) : एनएचपीसी लिमिटेड और इसकी जेवी/सहायक कंपनियों द्वारा अक्तूबर, 2025 तक 7,771 मेगावाट की कुल संस्थापित क्षमता के साथ कुल 23 जलविद्युत परियोजनाएं शुरू की गई हैं। पिछले 3 वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान इन परियोजनाओं से कुल उत्पादन निम्नानुसार है:

वर्ष	उत्पादन (मिलियन यूनिट)
2022-23	29,894
2023-24	26,056
2024-25	25,194
2025-26 (अप्रैल-अक्तूबर)	23,015

(ख) और (ग) : वर्तमान में एनएचपीसी लिमिटेड और इसकी जेवी/सहायक कंपनियों की 8,514 मेगावाट की कुल उत्पादन क्षमता वाली 8 जलविद्युत परियोजनाएं निर्माणाधीन हैं। परियोजनाओं के नाम, प्रस्तावित उत्पादन क्षमता, अनुमानित विद्युत उत्पादन / डिजाइन ऊर्जा, इन निर्माणाधीन जलविद्युत परियोजनाओं की कुल अनुमानित लागत और चालू होने की संभावित तिथि का ब्यौरा **अनुबंध** पर है।

(घ) : एनएचपीसी लिमिटेड ठेकेदारों के माध्यम से परियोजना प्रभावित परिवारों (पीएएफ) सहित स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर प्रदान करता है, जिससे स्थानीय आय सृजित होती है और उनके जीवन स्तर में सुधार होता है। इसके अलावा, स्थानीय उद्यमिता को बढ़ावा देने और स्थानीय व्यवसायों को सहायता प्रदान करने के लिए स्थानीय निवासियों और पीएएफ को बोली के अवसर भी प्रदान किए जाते हैं।

इसके अलावा, भारत सरकार ने किसी भी शिकायत के निवारण के लिए "केंद्रीकृत लोक शिकायत निवारण और निगरानी प्रणाली - सीपीग्राम" पोर्टल की शुरूआत की है। इस पोर्टल के माध्यम से प्राप्त शिकायतों की जांच की जाती है और समयबद्ध तरीके से निस्तारण किया जाता है।

<u>लो.स.तारां.प्र.सं. 172</u>

<u>अनुबंध</u>

एनएचपीसी लिमिटेड और उसकी जेवी/सहायक कंपनियों की निर्माणाधीन जलविद्युत परियोजनाओं, प्रस्तावित उत्पादन क्षमता, अनुमानित विद्युत उत्पादन, अनुमानित कुल लागत और चालू होने की संभावित तिथि का ब्यौरा

क्र.सं.	**परियोजना**	**राज्य**	**क्षमता (मेगावाट)**	**डिजाइन ऊर्जा (एमयू)**	**अनुमानित लागत (करोड़ रुपये में)**	**चालू होने की अनुमानित तिथि**
क.	**एनएचपीसी**					
1.	सुबनसिरी लोअर जलविद्युत परियोजना	अरूणाचल प्रदेश	2000	7422	27948	दिसंबर-26
2.	दिबांग बहुउद्देशीय परियोजना	अरूणाचल प्रदेश	2880	11223	31876	फरवरी-32
3.	तीस्ता-VI जलविद्युत परियोजना	सिक्किम	500	2400	8449	सितंबर-29
	उप योग		**5380**	**21045**	**68273**	
ख.	**जेवी/सहायक कंपनी**					
4.	रंगित-IV जलविद्युत परियोजना (जेपीसीएल* द्वारा कार्यान्वित)	सिक्किम	120	508	1889	अप्रैल-26
5.	रतले जलविद्युत परियोजना (आरएचपीसीएल** द्वारा कार्यान्वित)	जम्मू व कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र	850	3137	5282	नवंबर-28
6.	पाकल दुल जलविद्युत परियोजना (सीवीपीएल*** द्वारा कार्यान्वित)	जम्मू व कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र	1000	3230	12728	दिसंबर-26
7.	किरू जलविद्युत परियोजना (सीवीपीएल द्वारा कार्यान्वित)	जम्मू व कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र	624	2272	5409	दिसंबर-26
8.	क्वार जलविद्युत परियोजना (सीवीपीएल द्वारा कार्यान्वित)	जम्मू व कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र	540	1975	4526	मार्च-28
	उप योग		**3134**	**11122**	**29834**	
	महा योग		**8514**	**32167**	**98107**	

* जेपीसीएल: जल पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड।

** आरएचपीसीएल: रतले हाइड्रो पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड।

*** सीवीपीएल: चेनाब वैली पावर प्रोजेक्ट्स लिमिटेड।

****